(c) whether the results are commensurate with the amount spent; and

(d) if so, the details thereof; if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): (a) During the Eighth Five Year Plan surveys have been conducted by ONGC, OIL and DGH in the following States besides East and West Coast Offshore Basins of India;

Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Assam, Bihar, Gujarat, Himachal Pradesh, Jammu & Kashmie, Madhya Pradesh, maharashtra, Nagaland, Rajasthan, Tamil Nadu, Tripura, Uttar Pradesh and West Bengal.

(b) The total estimated plan outlay on oil exploration (surveys and exploratory drilling) for the Eighth Five Year Plan is around Rs. 7113.93 crores.

(c) and (d) The results of exploration activities are probabilistic in nature and there is no direct relationship betwen input and output. However, physical achievements have been by and large commensurate with the investments made.

तेल पूल का अनुमानित घाटा

4356. **प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च,1997 तक तेल पूल खाते में कितना घाटा हुआ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मार्च,1998 तक देश के तेल पूल खाते में घाटे को 23,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाने का अनुमान है ;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और इस राशि के संबंध में सरकार का क्या अनुमान है ;

(घ) क्या यह सच है कि गत कुछ वर्षों की तुलना में वर्ष 1997 के दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आयी हैं ; और

(ड.) कीमतों में माहवार कितनी वृद्धि अथवा कमी हुई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी.आर.बालु): (क) से (ग) तेल समन्वय समिति द्वारा रखे जा रहे तेल पूल खाते में 31.3.97 तक 16,500 करोड़ रुपये का घाटा होने का अनुमान है तथा 31.3.98 तक इसके 24,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह धनराशि तेल समन्वय समिति द्वारा तेल कंपनियों को संदेय बकाया धनराशियों को दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि, कच्चे तेल के स्वदेशी उत्पादन में कमी, रुपये-डालर की विनियम दर में उतार-चढ़ाव, रेल भाड़े में वृद्धि और 1996-97 के वित्त विधेयक में घोषित सीमा शुल्क और उत्पादन शुल्क में परिवर्तनों के कारण अक्तूबर, 1996 में तेल पूल खाते पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

(ड) और (ड.) वर्ष 1994, 1995, 1996 के लिए और जनवरी, 1997 से अप्रैल, 1997 तक के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में मार्कर कच्चे तेलों नामत: दुबई, ओमान और डेटेड ब्रेण्ट का औसत मूल्य संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

मार्कर कच्चे तेल का औसत मूल्य

(आंकड़े डालर/ब्रिटिश बैरल)

अवधि	दुबई	ओमान ब्रेण्ट	डेटेड
1994	14.76	15.13	15.82
1995	16.09	16.32	17.02
1996	18.56	19.10	20.67
1997	18.69	19.57	20.20

(जनवरी – अप्रैल,97)

मध्य प्रदेश में पेट्रोल पम्प और एल पी जी डीलरशिप दिया जाना

4357. **श्री राधाकिशन मालवीय:**